देहरादून,पौड़ी–गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 18 अंकः 152 पृष्ठ : 8 मूल्यः एक रूपए

# पेज श्री

देहरादून, गुरूवार, 21 सितंबर 2023


विचार–प्रवाह...
सपनों से दबा स्टूडेंट





मौसम | अधिकतम 27.0° | न्यूनतम 23.0° | 67838.63


2 दुनिया ने माना पूरा कश्मीर भारत का!
7 सिराज बने दुनिया के नंबर वन गेंदबाज


# लोकसभा में पास हुआ महिला आरक्षण बिल

## ऐतिहासिक फैसला! विधेयक के पक्ष में पड़े 454 मत, विरोध में महज दो मत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार द्वारा लाया गया नारी शक्ति वंदन विधेयक लोकसभा में पारित हुआ। अत्याधुनिक सुविधाओं वाली नई संसद के निचले सदन से पारित होने वाला यह पहला विधेयक है। इस विधेयक को विधि एवं न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने मंगलवार को लोकसभा में पेश किया था।

लोकसभा में नारी शक्ति वंदन विधेयक को लेकर हुई चर्चा में केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी, रायबरेली सांसद और कांग्रेस की पूर्व अध्यक्षा सोनिया गांधी सहित 60 सदस्यों ने हिस्सा लिया। विधेयक पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए केंद्रीय मंत्री मेघवाल ने रानी दुर्गावती, रानी चेन्नम्मा, रानी अहिल्याबाई, रानी लक्ष्मी जैसी असंख्य वीरांगनाओं का उल्लेख किया। लोकसभा में महिला आरक्षण

### विधेयक पर पर्चा से हुई वोटिंग

लोकसभा में नारी शक्ति वंदन विधेयक पर पर्चा से वोटिंग कराई गई। विधेयक के पक्ष में 454 मत, जबकि दो मत खिलाफ में पड़े। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने दो तिहाई बहुमत से विधेयक के पारित होने की जानकारी साझा की।



### तो आरक्षण लागू कब से होगा, अमित शाह ने दे दिए संकेत

शाह ने कहा, सोशल मीडिया पर कुछ लोगों ने भूमिका बनाना शुरू कर दी है कि इसे समर्थन मत करो क्योंकि परिसीमन की बात कही जा रही है। इसका समर्थन मत करो क्योंकि मुस्लिम आरक्षण नहीं है। ...मेरा उनसे कहना है कि समर्थन नहीं करोगे तो क्या जल्दी आरक्षण आ जाएगा? तब भी तो 2029 के बाद आएगा। एक बार श्रीगणेश तो करो। गणेश चतुर्थी के दिन यह विधेयक आया है। एक बार शुरुआत तो करो।

बिल पर चर्चा के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अपनी बात रखी। इस दौरान उन्होंने संकेत दिया कि संसद से पास होने के बाद यह विधेयक 2029 के बाद अमल में आएगा। यह युग बदलने वाला विधेयक है। मेरी पार्टी और मेरे नेता प्रधानमंत्री मोदी जी के लिए महिला आरक्षण राजनीति का मुद्दा नहीं, मान्यता का सवाल है। तपती धूप में मई के महीने में पटवारी से लेकर मुख्यमंत्री तक पूरी सरकार गांव–गांव में जाती थीं, ताकि बच्चियों को स्कूलों में पंजीकृत कर सकें। जब प्रधानमंत्री मोदी गुजरात प्रांत में भाजपा संगठन में महासचिव थे, तब वडोदरा कार्यकारिणी में यह फैसला हुआ कि संगठनात्मक पदों में एक तिहाई आरक्षण महिलाओं को दिया जाओगे। गर्व से कह सकता हूं कि ऐसा करने वाली हमारी पहली पार्टी है।

**स्मृति ईरानी ने सोनिया गांधी को दिया जवाबः** केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने कहा कि जब यह बिल लाया गया, तो कुछ लोगों ने कहा कि यह हमारा बिल है। स्मृति ईरानी ने कहा कि सोनिया गांधी ने कहा था श्तीसरे आम चुनाव में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति की महिलाओं के लिए कोई सीट आरक्षित नहीं होगी, लेकिन हमारी सरकार द्वारा लाए गए बिल के लागू होने के 15 वर्षों तक महिलाओं को आरक्षण की गारंटी दी जा रही है।

**सोनिया गांधी ने महिला आरक्षण बिल का किया समर्थन**

इससे पहले इस बिल पर चर्चा के दौरान, सोनिया गांधी ने लोकसभा में कहा कि यह विधेयक सबसे पहले पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने पेश किया गया था।

### जातिगत जनगणना के आंकड़े जारी कीजिएः राहुल

राहुल ने कहा कि सवाल यह है कि इस देश में कितने ओबीसी, कितने दलित, कितने आदिवासी हैं... इसका जवाब सिर्फ जातिगत जनगणना से मिल सकता है। महिला आरक्षण विधेयक को आज पारित कीजिए और लागू कीजिए। परिसीमन और जनगणना की कोई जरूरत नहीं है। सीधे 33 फीसदी आरक्षण महिलाओं को दे दीजिए। आप जातिगत जनगणना के आंकड़े जारी कीजिए। अगर आपने जारी नहीं किए तो हम जारी कर डालेंगे। उन्होंने कहा कि भारत की महिलाओं को सत्ता हस्तांतरित करने की दिशा में सबसे बड़ा कदम था पंचायती राज, जहां उन्हें आरक्षण दिया गया और बड़े पैमाने पर राजनीतिक व्यवस्था में प्रवेश करने की अनुमति दी गई।

## संक्षिप्त समाचार

### 6 सिखों की हत्या के केस में कांग्रेस नेता सज्जन कुमार को राहत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या के बाद वर्ष 1984 में सिख दंगों से जुड़े दिल्ली के सुल्तानपुरी में 6 लोगों की हत्या के मामले पर राउज एवेन्यू अदालत ने फैसला सुना दिया है। अदालत ने इस मामले में आरोपी कांग्रेस के नेता सज्जन कुमार और चार अन्य आरोपियों को बरी कर दिया है। इस मामले में सज्जन कुमार पर भीड़ को उकसाने का आरोप था। यह मामला सुलतानपुरी इलाके में दो नवंबर 1984 को भड़के सिख विरोधी दंगों से संबंधित है।

### पीएम मोदी ने बाइडन को गणतंत्र दिवस समारोह में किया आमंत्रित

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत की अध्यक्षता में जी–20 शिखर सम्मेलन का सफल आयोजन हुआ। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने जो बाइडन को गणतंत्र दिवस समारोह में आमंत्रित किया।

# कनाडा से बढ़ी तकरार, भारत ने अपने नागरिकों को किया खबरदार

## कनाडा की यात्रा पर विचार करने वाले लोगों को किया गया अलर्ट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारत ने कनाडा के साथ बढ़ते तनाव को देखते हुए कनाडा में रह रहे भारतीय नागरिकों के लिए ट्रैवल एडवाइजरी जारी की है। विदेश मंत्रालय की तरफ से जारी इस एडवाइजरी में भारतीय नागरिकों और कनाडा की यात्रा पर विचार करने वाले लोगों से अत्यधिक सावधानी बरतने का आग्रह किया गया है। विदेश मंत्रालय ने भारतीय नागरिकों को कनाडा के उन क्षेत्रों की यात्रा करने से बचने की सलाह दी है जहां भारत विरोधी गतिविधियां देखी गई हैं। एडवाइजरी में कहा गया है कि हाल ही में भारतीय राजनयिकों और भारतीयों को निशाना बनाया गया है, जो भारत विरोधी एजेंडे का विरोध करते

### पीएम मोदी और विदेश मंत्री एस जयशंकर ने की मुलाकात

भारत और कनाडा के बिगड़ते रिश्तों के बीच भारत एक्शन मोड में है। दोनों देशों में चल रहे तनाव के बीच बुधवार को संसद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मुलाकात की है।

हैं। इसलिए भारतीय नागरिकों को सलाह दी जाती है कि वे कनाडा के उन क्षेत्रों और संभावित स्थानों की यात्रा करने से बचें जहां ऐसी घटनाएं देखी गई हैं।

विदेश मंत्रालय ने एडवाइजरी जारी करते हुए कहा कि कनाडा में भारतीय समुदाय की सुरक्षा और भलाई सुनिश्चित करने के लिए कनाडाई अधिकारियों के साथ संपर्क में रहेंगे। कनाडा में बिगड़ते सुरक्षा माहौल को देखते हुए विदेश मंत्रालय ने विशेष रूप से भारतीय छात्रों को अत्यधिक सावधानी बरतने और सतर्क रहने की सलाह दी गई है।

**भारत पर लगाए आरोपों को लेकर कनाडा के सहयोगी देशों ने छोड़ा साथः** कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के खालिस्तानी नेता हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में कथित तौर पर भारत के शामिल होने के आरोप पर विवाद बढ़ता जा रहा है। इस बीच, कनाडाई मीडिया से खबर आ रही है कि ओटावा के फाईव आईज ने किसी का भी पक्ष लेने से मना कर दिया है। हालांकि, इनका कहना है कि दावों की गहन जांच होनी चाहिए।

# फिर से जागने वाले हैं विक्रम और रोवर प्रज्ञान?

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर एक बार फिर सुबह होने वाली है। इसके साथ ही लैंडर विक्रम और रोवर प्रज्ञान के जागने की उम्मीदें भी जाग गई हैं। 22 सितंबर को चांद के दक्षिणी ध्रव पर सूर्य की किरणें पहुंच जाएंगी। इसके बाद इसरो एक बार फिर कोशिश करेगा कि लैंडर विक्रम और रोवर विक्रम काम करने लगें। बता दें कि इस वक्त दोनों स्लीप मोड में हैं। चंद्रयान– 3 लॉन्च करने से पहले वैसे तो इसरो ने इन दोनों को 14 दिन का ही काम सौंपा था लेकिन वहां पहुंचने के बाद कहा गया कि रात खत्म करने के बाद ये दोनों फिर से काम शुरू कर सकते हैं।

अगर इसरो लैंडर और रोवर को जगाने में कामयाब होते हैं तो यह दोहरी सफलता के तौर पर होगा। एक तरह से इसरो को बोनस मिल जाएगा। लैंडर विक्रम ने 23 अगस्त को चांद पर सफल सॉफ्ट लैंडिंग की थी। इसके बाद रोवर प्रज्ञान बाहर आया और 12 दिनों तक उसने इसरो को बहुत ही महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। इसके बाद रोवर स्लीपिंग मोड में चला गया। बता दें कि चांद पर धरती के 14 दिन के बराबर दिन और रात होते हैं।

### उम्मीद

■चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर एक बार फिर होने वाली सुबह

**सर्वाइव करना कोई आसान काम नहीं**

पर्याप्त ऊर्जा पाने के लिए लैंडर और रोवर का एलिवेशन सूर्य के 6 से 9 डिग्री में रहना जरूरी है। इसीलिए रात होने से एक दिन पहले रोवर प्रज्ञान आराम करने लगा था। रात के वक्त चांद के दक्षिणी ध्रुव पर तापमान भी माइनस 240 डिग्री तक चला जाता है। ऐसे में चांद की सतह पर सर्वाइव करना कोई आसान काम नहीं है। वहीं चांद पर अकसर भूकंप भी आया करते हैं। चंद्रयान 3 में लीथियम ऑयन बैट्री का इस्तेमाल किया गया है जो कि कम तापमान में भी खराब नहीं होती है और ऊर्जा बचाकर रखती है।


*Are you Planning to make a Website or already have ?*
*If yes, then we are here to serve you*

What we do

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in


# भारत–कनाडा के बीच टेंशन में चीन भी कूदा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। चीन के मुखपत्र कहे जाने वाले ग्लोबल टाइम्स ने अपने आर्टिकल में लिखा है, हाल के वर्षों में, भारत और कनाडा के बीच विवाद कनाडा में सिख समुदाय के आसपास केंद्रित रहे हैं, जो मोदी सरकार का विरोध करते हैं और सिख अधिकारियों की वकालत करते हैं। सिख समुदाय भारत में एक

### अमेरिका और पश्चिमी देशों को खूब सुनाई खरी–खोटी

अल्पसंख्यक जातीय समूह है, जिसकी आबादी सिर्फ 20 मिलियन से अधिक है।

कनाडा में, जो दुनिया भर में सिखों के लिए सबसे बड़ी आप्रवासी बस्तियों में से एक है, सिख समुदाय महत्वपूर्ण राजनीतिक, वाणिज्यिक और आर्थिक प्रभाव रखता है। हाल के वर्षों में अलगाववादी खालिस्तान आंदोलन का पुनरुत्थान भारत और कनाडा के बीच विवाद का एक प्रमुख मुद्दा बन गया है, जिससे उनके द्विपक्षीय संबंधों पर गंभीर प्रभाव पड़ रहा है। दोनों देशों के बीच चल रही तनातनी ने भारत–कनाडा संबंधों को और खतरे में डाल दिया है। पश्चिमी देश मानवाधिकारों के रक्षक होने का दावा करते हैं और अक्सर मानवाधिकार संबंधी मुद्दों पर दूसरे देशों की आलोचना करते हैं।

## न्यूज डायरी



### रूसी परमाणु–सक्षम बम के बारे में किम ने ली जानकारी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** रूस। उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन ने राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के रक्षा मंत्री के साथ शनिवार को रूसी परमाणु–सक्षम रणनीतिक बमवर्षकों, हाइपरसोनिक मिसाइलों और युद्धपोतों का निरीक्षण किया। प्रशांत शहर व्लादिवोस्तोक से लगभग 50 किमी (30) मील दूर रूस के कनेविची हवाई क्षेत्र में रक्षा मंत्री सर्गेई शोइगु ने किम को सलामी देते हुए उनका स्वागत किया। इसके बाद उत्तर कोरियाई नेता ने गार्ड ऑफ ऑनर का निरीक्षण किया। संयुक्त राज्य अमेरिका और दक्षिण कोरिया को काफी चिंता है अगर प्योंगयांग के साथ मास्को की दोस्ती होती है तो फिर किम को रूस की कुछ संवेदनशील मिसाइल और अन्य प्रौद्योगिकी तक पहुंच मिल सकती है, जबकि यूक्रेन में युद्ध में रूस को मदद मिल सकती है। शोइगु ने उन्हें किंझल हाइपरसोनिक मिसाइलों से लैस मिग–31आई सुपरसोनिक इंटरसेप्टर विमान दिखाया। शोइगु ने किम को एक विमान के बारे में बताया, ष्यह मॉस्को से जापान तक उड़ान भर सकता है और फिर वापस आ सकता है।

### भारत ने की कनाडा में सिख छात्र पर हमले की कड़ी निंदा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** ओटावा। वैंकूवर में भारत के महावाणिज्य दूतावास ने कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत में एक सिख छात्र पर हमले की कड़ी निंदा की है और अपराधियों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई का आह्वान किया है। मिली जानकारी के अनुसार, 11 सितंबर को घर जाने के लिए सार्वजनिक परिवहन बस से बाहर निकलने के बाद 17 वर्षीय सिख छात्र पर एक अन्य किशोर छात्र ने बीयर या काली मिर्च छिड़क दिया। रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस के एक बयान के अनुसार, कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया में रटलैंड रोड एस और रॉबसन रोड ई के चौराहे पर भारतीय छात्र पर हमला किया गया। एक्स पर साझा की गई एक पोस्ट में वैंकूवर में भारत के महावाणिज्य दूतावास ने कहा, केलोना में एक भारतीय नागरिक पर हमले की कड़ी निंदा करता है और कनाडाई अधिकारियों से घटना की जांच करने और अपराधियों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई करने का अनुरोध करता है। अधिकारियों ने बताया कि सार्वजनिक बस से एक सिख छात्र अपने घर जा रहा था। जब पर परिवहन बस से बाहर निकलने के बाद एक अन्य किशोर पुरुष ने उस पर बीयर या काली मिर्च छिड़क दी थी।

### लीबिया में आई विनाशकारी बाढ़ में अब तक 11,000 लोगों की मौत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** डेरना। लीबिया में आई विनाशकारी बाढ़ के कारण अब तक करीब 10000 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। आपदा से सबसे अधिक प्रभावित पूर्वी लीबिया का डेरना शहर है। जहां अभी भी कई लोगों को तलाशने का काम जारी है। डेरना शहर के बाहर दो बांध भी टूटे हैं। जिसकी चपेट में आए परिवार मिनटों में डूब गए। बचावकर्मियों को पीड़ितों तक पहुंचने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। मिली जानकारी के अनुसार, लीबिया की बाढ़ में मृतकों का आधिकारिक आंकड़ा बढ़कर 11,470 हो गया है। लीबियाई अधिकारियों ने शुक्रवार को बाढ़ से घिरे डेरना शहर को सील कर दिया है, ताकि खोजी टीमों को लापता लोगों की तलाश में सुविधा हो। अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि पानी से फैलने वाली बीमारी और विस्फोटक अभी और लोगों की जान ले सकते हैं। लीबियाई अधिकारियों ने बताया कि डेरना में मृतकों की संख्या बढ़कर 11,300 हो चुकी है।

### ड्रग सरगना अल चापो का बेटा मैक्सिको में गिरफ्तार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वाशिंगटन। मेक्सिको के ड्रग लॉर्ड एल चापो के बेटे ओविडियो गुजमैन–लोपेज को मादक पदार्थों की तस्करी, मनी लॉन्ड्रिंग और अन्य आरोपों का सामना करने के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका में प्रत्यर्पित किया। इस बात की जानकारी अमेरिकी अटॉर्नी जनरल मेरिक गारलैंड ने एक बयान में दी है। मैक्सिकन सरकार ने टिप्पणी के अनुरोधों का तुरंत जवाब नहीं दिया है। मैक्सिकन सुरक्षाबलों ने जनवरी में कार्टेल के नाम सिनालोआ राज्य की राजधानी कुलियाकन में गुजमैन लोपेज उर्फ द माउस को पकड़ लिया।

# जाह्नवी कंडुला को मरणोपरांत मास्टर डिग्री देगी यूनिवर्सिटी

**घोषणा** परिवार को मास्टर डिग्री सौंपेगी यूनवर्सिटी, पुलिस की कार ने मारी थी टक्कर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

वाशिंगटन। अमेरिका में भारतवंशी युवती जाह्नवी कंडुला को एक कार ने टक्कर मार दी थी, जिसके बाद उनकी मौत हो गई। इस मामले की जांच में जुटी काफी गहनता से जांच कर रही है। इसी बीच, नॉर्थईस्टर्न यूनिवर्सिटी के चांसलर ने घोषणा की है कि भारतीय छात्रा जाह्नवी कंडुला को मरणोपरांत मास्टर डिग्री से सम्मानित किया जाएगा। साथ ही, चांसलर ने उम्मीद जताई कि चल रही जांच से कुछ न कुछ निष्कर्ष जरूर निकलेगा।



**दिसंबर में ग्रेजुएट होने वाली थी जाह्नवीः** वाशिंगटन राज्य के नॉर्थईस्टर्न यूनिवर्सिटी के 23 वर्षीय छात्रा कंडुला को 23 जनवरी की रात को एक पैदल यात्री क्रॉसिंग पर कार टक्कर मार दी थी। कंडुला को आगामी दिसंबर में नॉर्थईस्टर्न यूनिवर्सिटी के सिएटल परिसर से सूचना प्रणाली में मास्टर डिग्री के साथ ग्रेजुएट होना था। **पुलिस अधिकारी ने मारी थी टक्करः** जब कंडुला सड़क पार कर रही थी, तो अधिकारी केविन डेव ने एक पुलिस वाहन से उन्हें टक्कर मार दी। जांच के दौरान पता चला कि वह ड्रग ओवरडोज होने की वजह से 119 किमी प्रति घंटे से अधिक की स्पीड में गाड़ी चला रहा था। **पुलिस विभाग का वीडियो सामने आते मचा हंगामाः** सिएटल पुलिस विभाग द्वारा जारी किए गए बॉडीकैम फुटेज में, अधिकारी डैनियल ऑडरर ने घातक दुर्घटना के बारे में हंसते हुए बयान दिया कि कहा कि डेव की गलती हो सकती है। वीडियो में, ऑडरर को यह कहते हुए सुना जा सकता है, हां, बस एक 11 हजार डॉलर का चेक लिखो। वैसे भी उसकी उम्र 26 साल थी, तो इसके मुताबिक यही कीमत होगी।

**यूनिवर्सिटी चांसलर ने जताया दुख** कंडुला की मौत से दुखी होकर, नॉर्थईस्टर्न यूनिवर्सिटी के चांसलर केनेथ डब्ल्यू हेंडरसन ने शुक्रवार को यूनिवर्सिटी के आधिकारिक फेसबुक पेज पर एक बयान जारी करते हुए कहा कि उनकी क्षति को छात्रों, कर्मचारियों और शिक्षकों को काफी दुख है। विश्वविद्यालय ने जाह्नवी को पुरस्कार देने का विचार किया है। उसकी डिग्री मरणोपरांत और उसके परिवार को प्रस्तुत की जाएगी।

**जांच पर न्याय की जताई उम्मीद** उन्होंने अपने पोस्ट में लिखा, हमारे परिसर में सभी को जाह्नवी काफी पसंद थी, वह काफी चुलबुली थी और हमेशा सबको खुश रखती थी। हेंडरसन ने लिखा, सिएटल के एक पुलिस अधिकारी की संवेदनहीन टिप्पणी सामने आई है, जिसने जख्मों को फिर से हरा कर दिया है और हमारे दुख को गहरा कर दिया है। **गहन जांच का जताया भरोसाः** भारत ने कंडुला का मामला अमेरिकी सरकार के साथ–साथ वाशिंगटन राज्य के स्थानीय अधिकारियों के समक्ष भी उठाया गया है। हालांकि, इस मामले में भरोसा जताया गया है कि वाशिंगटन राज्य के स्थानीय अधिकारियों के साथ–साथ वाशिंगटन डीसी के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ इस मामले को दृढ़ता से उठाया है।

## पाकिस्तान की जनता को नहीं मिल रही महंगाई से राहत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। पाकिस्तान की जनता को महंगाई से राहत नहीं मिल रही है। हालत ये है कि खान–पीने के सामान के दामों में बढोत्तरी के बाद अब पेट्रोल–डीजल के दामों ने भी पाकिस्तान की आम जनता की जेब को खाली करना शुरू कर दिया है। पाकिस्तान की अंतरिम सरकार ने पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी का एलान किया है। **अनवर उल हक काकर सरकार ने किया एलानः** दरअसल, पाकिस्तान के कार्यवाहक प्रधानमंत्री अनवर उल हक काकर ने पेट्रोल और डीजल के दामों में बढ़ोत्तरी की घोषणा की है। पाकिस्तान में पेट्रोल की कीमतों में 26.02 रुपये और डीजल के दामों में 17.34 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी की गई है। इसी के साथ ही पाकिस्तान में पेट्रोल के दाम 330 रुपये प्रति लीटर पहुंच गए हैं। जबकि डीजल की कीमत लगभग 329 रुपये हो गई है।

कार्यवाहक प्रधानमंत्री की मंजूरी के बाद वित्त मंत्रालय ने शुक्रवार देर रात पेट्रोल–डीजल के दामों में बढ़ोतरी की घोषणा की है। डॉन अखबार ने बताया कि पाकिस्तान के इतिहास में पहली बार पेट्रोल के दामों में रिकॉर्ड बढ़ोत्तरी की गई है। अखबार के अनुसार, पाकिस्तान में पेट्रोल और हाई–स्पीड डीजल की कीमत 330 रुपये से अधिक हो गई है।



## विदेश मंत्रालय के बयान से दुनिया हैरान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** हांगकांग। चीन के रक्षा ली शांगफू दो हफ्ते से ज्यादा समय से लापता हैं। उन्हें मार्च में रक्षा मंत्री नियुक्त किया गया था। हालांकि, जब ली के बारे में चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता से पूछा गया तो उन्होंने सवालों को टाल दिया। फाइनेंशियल टाइम्स ने अमेरिकी अधिकारियों का हवाला देते हुए बताया कि ली को जांच के दायरे में रखा गया है। वहीं, वॉल स्ट्रीट जर्नल ने चीन के एक अधिकारी का हवाला देते हुए कहा कि ली को पिछले हफ्ते पूछताछ के लिए ले जाया गया था। हालांकि, जांच का कोई कारण नहीं बताया गया। ली के बारे में चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता माओ निंग से सवाल किया गया तो उन्होंने स्पष्ट तौर पर कोई भी जानकारी होने से इनकार कर दिया। उन्होंने कहा कि मुझे ली कहां है, इसकी कोई जानकारी नहीं है।

# पहली मिस यूनिवर्स पाकिस्तान की एरिका रॉबिन को लेकर मचा विवाद

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

इस्लामाबाद। पहली मिस यूनिवर्स पाकिस्तान कराची की एरिका रॉबिन बनी हैं। उनकी इस कामयाबी को लेकर विवाद मच गया है। पाकिस्तान में कुछ लोग सरकार पर सवाल उठा रहे हैं कि आखिर आज से पहले जब ऐसा इवेंट नहीं हुआ तो अब क्यों पाकिस्तानी महिलाओं का दुनिया में प्रदर्श किया जा रहा है। अधिकार एक्टिविस्ट जोहरा युसुफ का इस पर कहना है कि जब भी पाकिस्तान में कोई महिला अपने दम पर आगे बढ़ती हैं तो उसपर हमला होता है। मिस यूनिवर्स पाकिस्तान मालदीव में कराया गया। दुबई की युजेन ग्रुप ने इस क्रायक्रम को कराया, जिसमें पांच प्रतियोगी शामिल हुए। कंपनी के पास पाकिस्तान के साथ–साथ बहरीन और मिस्र के मिस यूनिवर्स की फ्रेंचायजी भी है। गुरुवार को एरिका को मिस यूनिवर्स पाकिस्तान का ताज पहनाया गया। मिस यूनिवर्स में अब वह पाकिस्तान का प्रतिनिधित्व करेंगी, जो अल सल्वाडोर में होगा। कई लोग जहां एरिका रॉबिन के उपलब्धि की प्रशंसा कर रहे हैं, तो पाकिस्तान का एक बड़ा रूढ़ीवादी वर्ग गुस्से में हैं। लोग सरकार से सवाल कर रहे हैं कि क्या उन्होंने इसकी इजाजत दी?

**सोशल मीडिया पर एरिका को पाक के लोग बधाई दे रहे हैं**

पाकिस्तान के धार्मिक विद्वान तकी उस्मानी उन पहले लोगों में से थे, जिन्होंने कहा कि सरकार इस मामले का नोटिस ले और जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई करे। उन्होंने कहा कि इस धारणा को दूर किया जाना चाहिए कि महिलाएं पाकिस्तान की प्रतिनिधि हैं। जमात ए इस्लामी के सांसद मुश्ताक अहमद खान ने इसे पाकिस्तान के लिए शर्मनाक बताया। पत्रकार अंसार अब्बासी ने पूछा है कि आखिर पाकिस्तान के किस अधिकारी ने इन महिलाओं को ब्यूटी प्रतियोगिता में शामिल होने की मंजूरी दी।

हालांकि सोशल मीडिया एरिका के लिए बधाइयों से भरा रहा। पत्रकार मरियाना बाबर ने लिखा, पाकिस्तान सभी पाकिस्तानियों का है। वह जहां भी रहें पाकिस्तान का प्रतिनिधित्व कभी भी कर सकते हैं।

### दुनिया ने माना पूरा कश्मीर भारत का! भड़का पाकिस्तान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। यूएई के डिप्टी प्रधानमंत्री सैफ बिन जायद अल नाहयान ने भारत–मिडल ईस्ट–यूरोप आर्थिक गलियारे का एक वीडियो जारी किया था। इस वीडियो पर अब पाकिस्तान भड़क गया है। डिप्टी प्रधानमंत्री ने अपने वीडियो में इस गलियारे का एक नक्शा जारी किया था। इस नक्शे में भारत दिख रहा है। नक्शे में गिलगित बाल्टिस्तान और पीओके समेत पूरे जम्मू–कश्मीर को उन्होंने भारत का हिस्सा दिखाया था। वीडियो खास तौर से जो बाइडेन पर केंद्रित था, जिसमें वह यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद को शुक्रिया कह रहे थे। बाद में कॉरिडोर का एक नक्शा था। इस पूरे कॉरिडोर के जरिए भारत ने पाकिस्तान को बायपास कर दिया है। जो पाकिस्तान को हजम नहीं हो पा रहा है। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मुमताज जहरा बलूच ने कहा, ष्पूरे जम्मू कश्मीर को भारत का हिस्सा दिखाने वाला कोई भी नक्शा कानूनी रूप से अस्थिर और तथ्यात्मक रूप से गलत है।

# Page Three Classified

Adds can be booked under these Categories : (all day publication)

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

Matrimonial (Sunday Only)



अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द


# अधिक से अधिक लोगों को ऋण उपलब्ध कराने के निर्देश

बैठक

## मुख्य विकास अधिकारी ने की जिला स्तरीय पुनरीक्षण समिति की बैठक

**संवाददाता**

रुद्रप्रयाग। मुख्य विकास अधिकारी नरेश कुमार की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में जिला स्तरीय पुनरीक्षण समिति (डीएलआरसी) की बैठक आयोजित की गई जिसमें मुख्य विकास अधिकारी द्वारा केंद्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित स्वरोजगार परक योजनाओं जिसमें मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना, मुख्यमंत्री सौर स्वरोजगार योजना, मुख्यमंत्री नैनो योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, एनआरएलएम, एनयूएलएम, पीएम स्वनिधि, बीर चंद्र सिंह गढ़वाली, होम स्टे योजना, केसीसी पीएमएफएमई आदि योजनाओं की समीक्षा करते हुए उपस्थित बैंक प्रबंधकों को निर्देशित करते हुए कहा कि विभिन्न विभागों द्वारा बेरोजगार युवाओं को स्वरोजगार के लिए उपलब्ध कराए जा रहे आवेदन पत्रों पर शीर्ष प्राथमिकता से कार्यवाही करते हुए ऋण



स्वीकृत करना सुनिश्चित करें तथा किसी भी आवेदन पत्र में अनावश्यक रूप से आपत्ति न लगाई जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए हैं कि यदि किसी आवेदन पत्र में किसी भी प्रकार की कोई कमी पाई जाती है तो संबंधित विभाग एवं आवेदनकर्ता को कमी के निराकरण हेतु सूचित किया जाए ताकि संबंधित द्वारा आपत्ति का निराकरण करते हुए उन्हें स्वरोजगार के लिए ऋण उपलब्ध किया जाए जिससे सरकार की मंशा के अनुरूप बेरोजगार युवाओं को स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध हो सके।

मुख्य विकास अधिकारी ने कृषि विभाग, पशुपालन, मत्स्य व डेयरी आदि विभागों को निर्देशित करते हुए कहा कि केसीसी कार्यक्रम के तहत अधिक से अधिक किसानों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए तथा अधिक से अधिक लोगों को इसका लाभ उपलब्ध कराने के लिए व्यापक प्रचार–प्रसार करने के भी निर्देश दिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि जिन बैंकों का सीडी रेस्यू कम है वह इसमें सुधार लाने के लिए अधिक से अधिक लोगों को ऋण उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

बैठक में अग्रणी बैंक प्रबंधक चतर सिंह ने विभिन्न विभागों के माध्यम से संचालित योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने अवगत कराया कि मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना के तहत 438 आवेदन पत्र विभिन्न बैंको को प्रेषित किए गए हैं, 205 आवेदन पत्र बैंको द्वारा स्वीकृत किए गए हैं जिसमें 60 निरस्त किए गए हैं तथा 173 आवेदन पत्र लंबित हैं। एनआरएलएम के तहत 815 आवेदन पत्र बैंकों को प्रेषित किए हैं जिसमें 387 स्वीकृत किए हैं तथा 90 आवेदन पत्र वापस किए गए हैं तथा 428 आवेदन पत्र लंबित हैं।

## न्यूज डायरी

### नारीशक्ति वंदन विधेयक पेश होने पर भाजपा महिला मोर्चे ने बांटी मिठायी

**संवाददाता** हरिद्वार। महिला आरक्षण बिल लोकसभा में पेश होने पर हरिद्वार विधानसभा की भाजपा महिला मोर्चा कार्यकर्ताओं प्रधानमंत्री का आभार प्रकट किया। चंद्राचार्य चौक पर मिठाई खिलाकर खुशी जताई मनाई। विधायक मदन कौशिक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई वाली सरकार ने लोकसभा में नारी शक्ति वंदन विधेयक पेश कर महिला सशक्तिकरण की ओर बड़ा कदम बढ़ाया है। लोकसभा और विधानसभा में महिलाएं के लिए 33 फीसदी सीट आरक्षित होंगी। जिससे महिलाएं सशक्त रूप से आवाज उठा सकेंगी। प्रदेश उपाध्यक्ष महिला मोर्चा अनु कक्कड़ ने कहा कि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने महिलाओं के लिए बहुत सी योजनाएं संचालित की हुई हैं। इनका लाभ भी प्रत्येक वर्ग की महिलाओं को मिल रहा है। तीनों मंडल अध्यक्ष तरुण नैयर, राजेश शर्मा, हीरा बिष्ट ने महिलाओं को बधाई दी।

### ह्यूंडई मोटर इंडिया फाउंडेशन ने सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं को दिया विस्तार

**संवाददाता** देहरादून। ह्यूंडई मोटर इंडिया लिमिटेड की सीएसआर इकाई ह्यूंडई मोटर इंडिया फाउंडेशन (एचएमआईएफ) ने आज उत्तराखंड के रुड़की एवं देहरादून जिलों के लिब्बरहेड़ी, सिकरोडा, इब्राहिमपुर मसाही, होरावाला और साहिया गांवों में टेलीमेडिसिन क्लीनिक्स का उद्घाटन किया। अब राज्य में कुल 5 टेलीमेडिसिन क्लीनिक्स परिचालन में हैं। टेलीमेडिसिन क्लीनिक्स एचएमआईएफ की सामाजिक पहल स्पर्श संजीवनीश का ही विस्तार हैं, जिसके तहत टेक्नोलॉजी के माध्यम से ग्रामीण भारत में गुणवत्तापूर्ण एवं किफायती स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है। इसका लक्ष्य उनके दरवाजे तक गुणवत्तापूर्ण कंसल्टेशन की सुविधा पहुंचाना है।

### आईडीबीआई बैंक अमृत महोत्सव एफडी योजनाओं के लिए उत्सव ऑफर लेकर आया

**संवाददाता** देहरादून। आईडीबीआई बैंक अपनी लोकप्रिय अमृत महोत्सव एफडी योजनाओं पर उत्सव ऑफर लेकर आया है। इस सीमित अवधि के ऑफर में 444 दिन की एफडी पर 7.75प्रतिशत प्रति वर्ष की आकर्षक ब्याज दर दी जा रही हैं। इसके अलावा 375 दिन की एफडी के लिए 7.60प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर पेश की जा रही है। यह फेस्टिव ऑफर 31 अक्टूबर, 2023 तक सीमित अवधि के लिए उपलब्ध होगा। इसके अलावा, बैंक ने 271 दिन से 1 वर्ष से कम समय में परिपक्व होने वाले एफडी के लिए ब्याज दर 50 बेसिस पॉइंट (बीपीएस) बढ़ाकर 6.75प्रतिशत प्रतिवर्ष की अधिकतम ब्याज दर पेश की है।

# स्वास्थ्य सचिव ने किया बीडी पांडे अस्पताल का निरीक्षण

**संवाददाता** नैनीताल। स्वास्थ्य सचिव उत्तराखंड डॉ. आर राजेश ने बुधवार को बीडी पांडे जिला अस्पताल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस बीच छायाकार अमित साह की मौत के मामले में उसके परिजन व अन्य स्थानीय लोगों ने लचर स्वास्थ्य व्यवस्था पर विरोध जताया। जिसपर सचिव ने सीएमओ और पीएमएस को व्यक्तिगत रूप से तलब होने के निर्देश दिए। बुधवार को उत्तराखंड के स्वास्थ्य सचिव डॉ.आर राजेश ने बीडी पांडे अस्पताल में निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने जेनेटिक वार्ड, मेडिकल वार्ड, कार्डियोलॉजी विभाग का जायजा किया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान मरीजों से बात भी की। जिसके बाद उन्होंने महिला वार्ड की का निरीक्षण कर गर्भवती महिलाओं से बातचीत कर व्यवस्थाओं की जानकारी मांगी। उन्होंने डेंगू वार्ड का भी निरीक्षण किया। इस दौरान स्वस्थ्य सचिव ने कार्डियोलॉजी विभाग में डॉक्टर से मरीजों की स्थिति व उनके उपचार की जानकारी मांगी। वहीं महिला अस्पताल में महिला गाईनोकोलॉजिस्ट की कमी पर वार्ता करते हुए उन्होंने जल्द ही गाइनोकोलॉजिस्ट के पदों को भरने की बात कही। इस बीच मृतक छायाकार अमित साह के परिजनों व अन्य मरीजों ने व्यवस्थाओं की पोल खोली।



## दुर्गा मंदिर में मनाई च्यवन ऋषि जयंती

**संवाददाता** हल्द्वानी। महर्षि च्यवन ऋषि जयंती समारोह बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया। बुधवार को ऋषि पंचमी के दिन मुखानी स्थित दुर्गा मंदिर में हवन–यज्ञ कर जयंती मनाई गई। इस अवसर पर समाज के सभी लोगों ने अपने सामाजिक ताने–बाने को और अधिक मजबूत बनाने, समाज के जरूरतमंद लोगों को हर संभव मदद पहुंचाने, निर्धन कन्याओं के विवाह में सहयोग प्रदान करने एवं जरूरतमंद छात्र–छात्राओं को सहयोग प्रदान करने का संकल्प लिया। यहां अध्यक्ष देवेंद्र कुमार गुप्ता, महामंत्री डॉ राजीव गुप्ता, कोषाध्यक्ष योगेश गुप्ता, बिंदेश गुप्ता, राकेश गुप्ता, अतुल गुप्ता, सुनील गुप्ता, भुवनेश गुप्ता, संजय गुप्ता, विपिन गुप्ता, बालकिशन गुप्ता, यश गुप्ता, नवीन गुप्ता, गणेश गुप्ता, अंश गुप्ता, रामजीलाल गुप्ता, आदेश गुप्ता, लवी गुप्ता, त्रिलोक गुप्ता बादि लोग मौजूद रहे।

# स्वच्छता पखवाडे पर एनएसएस छात्रों ने गांव में चलाया सफाई अभियान

**संवाददाता** पुरोला। स्वच्छता पखवाड़े पर प्रखण्ड के अटल उत्कृष्ट इंटर कॉलेज गुंदियाटगांव में एनएसएस स्वयं सेवकों ने स्वच्छता अभियान चला कर गांव में रास्तों,पनघट,नालियों की सफाई कर 12 बोरे प्लास्टिक कचरा एकत्रित कर ग्रामीणों को प्लास्टिक थैले आदि सामान इस्तेमाल न करनें का संकल्प लेने की अपील की। स्वयंसेवकों ने बुधवार को गुंदियाट गांव में स्वच्छता पखवाड़े के तहत एक दिवसीय विशेष अभियान चलाकर जहां कालेज परिसर एवं गांव के रास्तों,कपिल मुनि महाराज मंदिर परिसर व गांव की नालियों,पनघट,मुख्य बाजार, रामा,रौन,रेवड़ी आदि मोटर मार्ग के दोनों ओर की नालियों से



साफ कर पांच कुंतल से अधिक प्लास्टिक कचरा उठाया वहीं गांव के महिला मंगल दल एवं युवक मंडल दलों को बाजार से सामान लाने ले जाने को घर से झोला व थैला ले जाने को जागरूक किया साथ ही प्लास्टिक सामान इस्तेमाल न करें को संकल्प लेनें की अपील की। स्वयं सेवकों ने गांव में स्वच्छता,स्वास्थ्य,नशामुक्ति,साक्षरता बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ को भी जागरूकता संदेश दिया एवं गांव में प्रत्येक सप्ताह एक दिन रास्तों,नालियों पानी स्रोतों पर स्वच्छता अभियान चलाकर प्लास्टिक कचरा एकत्रित सफाई को लेकर अभियान चलानें का संदेश दिया।

## प्रतिदिन न्यूनतम 50 घरों में ड्रेगू निरोधात्मक कार्यवाही की जायेगी

**संवाददाता** देहरादून। जिलाधिकारी श्रीमती सोनिका ने नगर निगम क्षेत्र के सार्वाधिक डेंगू प्राभावित 24 वार्डो में डेंगू नियंत्रण अभियान हेतु स्वास्थ्य, नगर निगम तथा अनुश्रवण के लिए जिला स्तरीय अधिकारियो की तैनाती की गई है। इससे पूर्व आदेश में डेंगू की रोकथाम एवं जनसामान्य में जागरुकता हेतु वार्डवार अधिकारियों की तैनाती की गई थी। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि डेंगू नियंत्रण महाअभियान के दौरान प्रत्येक आशा कार्यकत्री, आशा फैसिलेटर, कम्युनिटी हैल्थ आफिसर, नगर निगम, सैनट्री, सुपरवाईजर, डेंगू वॉलिटियर द्वारा अपने निर्धारित क्षेत्रों में प्रतिदिन न्यूनतम 50 घरों में ड्रेगू निरोधात्मक कार्यवाही की जायेगी। गृह भ्रमण के दौरान प्रत्येक कार्मिकों द्वारा अपने आंवटित घरों में ऐसे स्थानों जहॉं डेंगू लार्वा पनप सकते है, की सफाई की जायेगी, तथा स्थानीय लोगों को स्वयं भी इस हेतु जागरूक किया जायेगा। जिन स्थानों से पानी नहीं हटवाया जा सकता, उन स्थानों पर लार्वी साइड का छिड़काव करना होगा।

# तलवे रहते हैं गर्म तो मतलब ठप हो गया लिवर, ना करें इग्नोर




*इंसान स्किन, बाल, आंख और नाक का काफी ध्यान रखता है, क्योंकि इनमें खराबी आने पर खूबसूरती और सेहत दोनों खराब होती हैं। मगर लिवर जैसे अंगों पर बिल्कुल ध्यान नहीं जाता, क्योंकि इनके खराब होने का संकेत काफी देरी से मिलता है। लेकिन जब आप अपने शरीर पर बारीकी से निगरानी रखते हैं तो कुछ संकेतों से लिवर की बीमारी शुरुआत में ही पकड़ सकते हैं।*

द योगा इंस्टीट्यूट ऑफिशियल के मुताबिक लिवर में कोई भी खराबी आने पर तलवों से संकेत मिल सकता है। यह आपको फैटी लिवर, ब्लड सर्कुलेशन, खून की सफाई ना होने के बारे में आसानी से बता देता है। आइए लिवर डिजीज के इन लक्षणों के बारे में जानते हैं।

**तलवे गर्म रहने का कारण**
ज्यादा चलने पर तलवे गर्म हो जाते हैं, वहीं कुछ लोगों को जूते पहनने के कारण भी यह एहसास होने लगता है। मगर यह लिवर माल्फंक्शन का संकेत भी हो सकता है, जिसका मतलब है कि लिवर ढंग से खून साफ नहीं कर रहा है।

**तलवों में सूजन आना**
तलवों में सूजन या चलने पर दर्द होना एक आम समस्या हो सकती है। लेकिन इसे नजरअंदाज करना फैटी लिवर को खतरनाक बना सकता है। द योगा इंस्टीट्यूट के मुताबिक, जब लिवर में फ्लुइड जमने लगता है या फिर फैटी लिवर हो जाता है तो तलवे सूज जाते हैं।

**तलवों में खुजली होना**
इस संकेत को पहचानने में देरी नहीं करनी चाहिए। क्योंकि हार्ट फेल होने पर तलवों में खुजली होती है। हार्ट फेलियर के कारण लिवर में कंजेशन हो जाता है, जिसकी वजह से तलवों में खुजली होने लगती है।

**पैरों में मोटी-मोटी नसें दिखना**
पैरों में नीली-बैंगनी दिखने वाली नसें स्पाइडर वेन्स कहलाती हैं। यह तलवों में भी दिखाई दे सकती हैं। जो कि बहुत ज्यादा एस्ट्रोजन बढ़ने का लक्षण होता है। जब लिवर काम करना बंद कर देता है तो शरीर में एस्ट्रोजन बढ़ हॉर्मोन बढ़ जाते है।

**तलवों पर धब्बे पड़ना**
कुछ लोगों के तलवे और पैरों पर धब्बे हो जाते हैं। इसका मतलब है कि आपके शरीर में ब्लड सर्कुलेशन सही से नहीं हो रहा है। इसकी वजह से लिवर का कामकाज ठप हो सकता है और पैरों में दर्द बढ़ सकता है।

# सारी जड़ी बूटियों का बाप हैं केसर

*केसर सबसे शक्तिशाली जड़ी बूटियों में से एक है। इसके सेवन से सेहत को अनगिनत फायदे मिलते हैं। इसमें वो सभी जरूरी पोषक तत्व पाए जाते हैं, जो आपके शरीर के स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद होते हैं। केसर में कार्बोहाइड्रेट्स होते हैं, जो शरीर को ऊर्जा प्रदान देते हैं। यह प्रोटीन, विटामिन, मिनरल्स जैसे- कैल्शियम, पोटैशियम, आयरन, मैग्नीशियम, और फॉस्फोरस और एंटीऑक्सीडेंट्स का खजाना है।*



एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

**दुम दबाकर भागेंगी 5 बीमारियां**
केसर के सेवन से सर्दी-खांसी का इलाज करने, मेंटल हेल्थ को बढ़ावा देने, पाचन को सुधारने में, ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करने, त्वचा की समस्याओं को दूर करने, खून साफ करने और यौन स्वास्थ्य में सुधार करने में मदद मिलती है। केसर का सेवन अक्सर दूध के साथ या अलग-अलग पकवानों के साथ किया जाता है। लेकिन क्या अप जानते हैं कि केसर की चाय भी बनाई जा सकती है। अवार्ड विनिंग न्यूट्रिशनिस्ट लवनीत बत्रा बता रही हैं कि केसर की चाय पीने से आपकी सेहत को क्या-क्या फायदे हो सकते हैं।

**एंटीअहक्सीडेंट का खजाना**
केसर में भारी मात्रा में एंटीऑक्सीडेंट होते हैं। केसर की चाय पीने से कैंसर की कोशिकाओं को खत्म करने में मदद मिलती है। इसका मतलब है कि इसके सेवन से आपको कैंसर से बचने में मदद मिल सकती है।




**मेंटल हेल्थ में होता है सुधार**
केसर में दो रसायन, क्रोसिन और क्रोसेटिन होते हैं। यह केमिकल दिमाग के कामकाज को बढ़ावा देते हैं जिससे आपको सीखने और स्मृति को बढ़ाने में मदद मिल सकती है।

**इम्यून सिस्टम बनता है मजबूत**
केसर राइबोफ्लेविन के सबसे बढ़िया स्रोतों में से एक है। यह एक विटामिन बी है, जो आपी इम्यून पावर को बढ़ाने में मदद करता है। केसर की चाय में सफ्रानल नामक एंटीऑक्सीडेंट होता है जो आपके शरीर में एंटी बैक्टीरियल और एंटीवायरल एक्टिविटी को बढ़ा सकता है।

**फ्लेवोनोइड का खजाना**
केसर एंटीऑक्सीडेंट और फ्लेवोनोइड दोनों से भरपूर होता है। एंटीऑक्सीडेंट शरीर को हानिकारक पदार्थों से बचाने में मदद करते हैं। फ्लेवोनोइड्स पौधों में पाए जाने वाले रसायन हैं जो पौधों को फंगस और बीमारी से बचाने में मदद करते हैं।

**पीएमएस के लक्षण से मिलती है राहत**
केसर की चाय पीने से महिलाओं को पीएमएस के लक्षणों की गंभीरता को कम करने में मदद मिलती है। इसके लक्षणों में मूड स्विंग, चिंता या चिड़चिड़ा महसूस होना, थकान या सोने में परेशानी, सूजन या पेट दर्द, सिरदर्द और धब्बेदार त्वचा आदि शामिल हैं।




## 30 के बाद मजबूत हड्डियों की गारंटी हैं ये खट्टे फल

30 की उम्र पार करते ही शरीर कैल्शियम खोने लगता है। महिलाओं और पुरुषों को इस वक्त कैल्शियम से भरपूर दूध, दही, पनीर खाना चाहिए। लेकिन अगर स्वाद या लैक्टोज इनटॉलरेंस की वजह से इनका सेवन नहीं कर पा रहे हैं तो आप 5 खट्टे फलों को डाइट में शामिल जरूर करें। संतरा एक खट्टा फल है, जिसका विटामिन सी और कैल्शियम देने के मामले में कोई तोड़ नहीं है। इसे खाकर हड्डियों को मजबूत बना सकते हैं और यह फाइबर की वजह से पाचन के लिए भी बढ़िया सौदा है। 30 के बाद संतरा जरूर खाना चाहिए। डेंगू के मामले काफी देखने को मिल रहे हैं और इसमें कीवी बहुत असरदार फल है। यह इम्यूनिटी और प्लेटलेट्स बढ़ाने के लिए जाना जाता है। चकोतरा दिखने में काफी हद तक संतरा जैसा होता है। यह एक सिट्रस फ्रूट है, जो फाइबर और विटामिन सी का बढ़िया स्रोत होता है। इसे खाने से पानी और कैल्शियम की पूर्ति होती है। आपके दिमाग को काम करने के लिए इस मिनरल की काफी जरूरत होती है। अंगूर के छोटे-छोटे दाने कैल्शियम से भरपूर होते हैं। अगर आपकी हड्डियों में दर्द रहता है या फिर आवाज आती है तो अंगूर का सेवन जरूर करें। यह फल आपके दिल, आंख और दिमाग के लिए बहुत अच्छा होता है।

## बारिश में खाना तो दूर चखें भी न ये फल-सब्जियां

बारिश होने पर मौसम खुशनुमा हो जाता है और गर्मी से राहत मिलती है। इस मौसम में बढ़िया-बढ़िया चीजें खाने का मन करता है। हालांकि बारिश अपने साथ कई इन्फेक्शन और बीमारियां भी लेकर आती है। इस दौरान आर्द्रता और नमी बढ़ने से बैक्टीरिया पनपने का ज्यादा खतरा होता है। इसका सीधा असर खाने की चीजों पर पड़ता है। नमी बढ़ने से रोजाना खाई जाने वाली फल-सब्जियों में बैक्टीरिया बढ़ सकता है जिससे इन्फेक्शन और पाचन संबंधी समस्याओं का जोखिम बढ़ सकता है। आयुर्वेद के अनुसार, केला वैसे तो किसी भी मौसम में खाया जा सकता है, लेकिन अगर आप शाम, रात या खाली पेट केला खा रहे हैं तो यह आपके स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकता है। बारिश के मौसम में अपच, खांसी या अस्थमा से पीड़ित लोगों को रात में केला खाने से बचना चाहिए क्योंकि इससे कफ दोष बढ़ सकता है और शरीर में बलगम बढ़ सकता है जिससे शरीर में सुस्ती आ सकती है। बैंगन भी जलन और गैस की समस्या को बढ़ा सकता है, इसलिए इसे वर्षा में कम सेवन करें।

## बारिश के चलते नहीं मिल रही धूप? खाना शुरू करें हाई विटामिन डी फूड



आयरन, कैल्शियम, प्रोटीन और कई तरह के विटामिन की तरह विटामिन डी भी शरीर के लिए जरूरी है। विटामिन डी एक जरूरी पोषण तत्व है, जो शरीर के बेहतर कामकाज के लिए जरूरी है। इसकी कमी से शरीर को गंभीर नुकसान हो सकते हैं। विटामिन डी कैल्शियम और फॉस्फेट के साथ मिलकर काम करता है और हड्डियों को मजबूत बनाता है। इसकी कमी से हड्डियां कमजोर और बीमार हो सकती हैं। यह रिकेट्स जैसी बीमारी की वजह बन सकता है। मूली के पत्ते विटामिन व का अच्छा स्रोत होते हैं। आप इन्हें सलाद में शामिल करके खा सकते हैं। इसके अलाव अप इनकी सब्जी बना सकते हैं। इसके अलावा कई तरह की मछली जैसे कि सैलमन, ट्राउट, मैकरल विटामिन डी का अच्छा स्रोत होती हैं। अंडे के पीले हिस्से में विटामिन डी पाया जाता है, इसलिए अंडों का सेवन करें। कई दूध कंपनियां विटामिन डी से भरपूर ध्वतजपपिमक डपसा उपलब्ध कराती हैं। आपको इनका सेवन जरूर करना चाहिए। कई डेयरी उत्पाद, जैसे कि दही, पनीर, और कैसीन, विटामिन व के बढ़िया स्रोत हैं। आपको इनका सेवन जरूर करना चाहिए। इनमें कैल्शियम और प्रोटीन की मात्रा भी भरपूर होती है जो हड्डियों और मांसपेशियों के विकास के लिए जरूरी हैं।




वनडे विश्व कप के आगाज में महज 15 दिन का समय बाकी

# वनडे विश्व कप के लिए टीम इंडिया की नई जर्सी हुई लॉन्च

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। वनडे विश्व कप 2023 के लिए टीम इंडिया की नई जर्सी का अनवारण हो गया है। टीम इंडिया का आधिकारिक किट स्पॉन्सर एडिडास ने 20 सितंबर को जर्सी की पहली झलक पूरी दुनिया के सामने पेश की। इसके बाद बीसीसीआई ने भी टीम इंडिया की नई जर्सी का वीडियो शेयर किया। वायरल वीडियो में कप्तान रोहित शर्मा, विराट कोहली, हार्दिक पांड्या मोहम्मद सिराज, रवींद्र जडेजा और कई स्टार खिलाड़ी नजर आए। बता दें कि विश्व कप 2023 के आगाज में अब 15 दिन का ही समय बाकी रहता है। ऐसे में इस टूर्नामेंट के लिए आईसीसी ने पहले विश्व कप का एंथम सॉन्ग रिलीज किया।

बता दें कि भारत की जर्सी को भारतीय गायक रफ्तार द्वारा गाए गीत 3 का ड्रीम के जरिए जारी किया गया। एडिडास के अनुसार, जर्सी भारतीय टीम के प्रति अटूट समर्थन का प्रमाण है। खास बात तो यह है कि इस बार जर्सी में जो बदलाव हुए है उसे देखकर फैंस काफी ज्यादा खुश नजर आ रहे हैं। टीम इंडिया की जर्सी के बाद फैंस अपनी–अपनी प्रतिक्रियाएं एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर शेयर कर रहे हैं। इस बार जर्सी को एक नया रूप दिया है।

दरअसल, वनडे विश्व कप 2023 के लिए लॉन्च की गई भारतीय टीम की नई जर्सी में दो स्टार लगे है, ऐसा इसलिए क्योंकि वनडे जर्सी 1983 और 2011 विश्व कप में भारत की जीत का प्रतीक है। भारतीय टीम ने 50 ओवर में दो बार खिताब जीता है, इसलिए जर्सी पर दो स्टार लगे हुए नजर आ रहे हैं। जर्सी के कंधों पर तीन सफेद रंग से लाइन की जगह तिरंगे को शामिल किया गया है, जो कि फैंस को काफी पसंद आ रहा है। कुछ फैंस का कहना है कि ये आईसीसी द्वारा लॉन्च किए गए विश्व कप के एंथम सॉन्ग से बढ़िया वीडियो है।

# मोहम्मद सिराज वनडे में बने दुनिया के नंबर वन गेंदबाज

क्रिकेट

## हेनरिक क्लासेन की भी टॉप 10 बल्लेबाजों में हुई एंट्री

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। एशिया कप 2023 के फाइनल मुकाबले में श्रीलंका के बल्लेबाजों पर कहर बनकर टूटे मोहम्मद सिराज को आईसीसी की जारी ताजा वनडे रैंकिंग में जबरदस्त फायदा पहुंचा है। खिताबी मुकाबले में छह विकेट चटकाने का इनाम सिराज को मिला है और वह वनडे क्रिकेट में दुनिया के नंबर वन गेंदबाज बन गए हैं। सिराज ने आठ पायदान की लंबी छलांग लगाई है। वहीं, हेनरिक क्लासेन को भी ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेली गई तूफानी पारी से फायदा पहुंचा है।




**सिराज बने नंबर वनः** एशिया कप 2023 के फाइनल में श्रीलंका के खिलाफ छह विकेट चटकाने वाले मोहम्मद सिराज की आईसीसी की जारी ताजा वनडे रैंकिंग में बल्ले–बल्ले हुई है। सिराज एकदिवसीय क्रिकेट में दुनिया के नंबर वन गेंदबाज बन गए हैं। सिराज ने यह पोजीशन अपनी करियर में दूसरी बार हासिल की है। इससे पहले इसी साल मार्च में वह इस फॉर्मेट में नंबर वन बॉलर बने थे। सिराज ने जोश हेजलवुड को पीछे छोड़ा है। हेजलवुड अब दूसरे नंबर पर खिसक गए हैं।

**हेनरिक क्लासेन ने लगाई लंबी छलांगः** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चौथे वनडे मुकाबले में महज 83 गेंदों पर 174 रन की तूफानी पारी खेलने वाले हेनरिक क्लासेन को भी आईसीसी की ताजा रैंकिंग में जबरदस्त फायदा पहुंचा है। क्लासेन ने 20 पायदान की छलांग लगाते हुए बल्लेबाजों की रैंकिंग में टॉप 10 में अपना नाम शुमार कर लिया है। क्लासेन अब 9वें स्थान पर पहुंच गए हैं। 209 के स्ट्राइक रेट से खेलते हुए साउथ अफ्रीका के विकेटकीपर बल्लेबाज ने जमकर तबाही मचाई थी। न्यूजीलैंड के खिलाफ शतक जमाने वाले डेविड मलान 13वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

**मुजीब-राशिद को भी पहुंचा फायदाः** वनडे क्रिकेट में गेंदबाजों की रैंकिंग में मुजीब उर रहमान और राशिद खान को भी फायदा पहुंचा है। मुजीब अब चौथे नंबर पर पहुंच गए हैं, जबकि राशिद उनके एक पायदान नीचे यानी पांचवें नंबर पर काबिज हैं। केशव महाराज ने भी 10 पायदान की छलांग लगाई है और अब वो 15वें नंबर पर आ गए हैं।

# बाबर आजम की वनडे क्रिकेट में बादशाहत पर मंडराने लगा खतरा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। वनडे क्रिकेट में पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम की बादशाहत पर अब खतरा मंडराने लगा है। बाबर को यह खतरा किसी और से नहीं, बल्कि टीम इंडिया के युवा बल्लेबाज शुभमन गिल से है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाली तीन मैचों की वनडे सीरीज में गिल के पास बाबर से वनडे में नंबर वन बल्लेबाज का ताज छीनने का सुनहरा मौका होगा।




**गिल ने उड़ाई बाबर की नींद**

दरअसल, आईसीसी की जारी ताजा वनडे रैंकिंग में शुभमन गिल को 55 प्वाइंट्स का फायदा पहुंचा है। गिल अभी बल्लेबाजों की रैंकिंग में दूसरे नंबर पर ही हैं, लेकिन उनके और बाबर के बीच अब फासला बेहद कम हो गया है। भारतीय सलामी बल्लेबाज और पाकिस्तान के कप्तान के बीच अब फासला सिर्फ 43 पॉइंट का बचा है। बाबर के लिए बुरी खबर यह है कि पाकिस्तान की टीम को वर्ल्ड कप 2023 से पहले अभी किसी भी एकदिवसीय सीरीज में हिस्सा भी नहीं लेना है।

**अहस्ट्रेलिया सीरीज में गिल मचाओ धमालः** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाली तीन मैचों की वनडे सीरीज में अगर शुभमन गिल का बल्ला बोलता है, तो वह बाबर आजम से वनडे क्रिकेट की बादशाहत छीन लेंगे। गिल को बाबर से आगे निकलने के लिए तीन मैचों में 200 के आसपास रन बनाने होंगे। हालांकि, कंगारू बॉलिंग अटैक के खिलाफ गिल के लिए यह काम इतना आसान नहीं होगा।

**सिराज बने वनडे में नंबर वनः** एशिया कप 2023 के फाइनल में श्रीलंका के खिलाफ छह विकेट चटकाने वाले मोहम्मद सिराज की आईसीसी की जारी ताजा वनडे रैंकिंग में बल्ले–बल्ले हुई है। सिराज एकदिवसीय क्रिकेट में दुनिया के नंबर वन गेंदबाज बन गए हैं। सिराज ने यह पोजीशन अपनी करियर में दूसरी बार हासिल की है। इससे पहले इसी साल मार्च में वह इस फॉर्मेट में नंबर वन बॉलर बने थे। सिराज ने जोश हेजलवुड को पीछे छोड़ा है। हेजलवुड अब दूसरे नंबर पर खिसक गए हैं।

## स्टार गेंदबाज टिम साउदी बुरी तरह से हुए चोटिल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। आईसीसी वर्ल्ड कप 2023 से पहले न्यूजीलैंड टीम के लिए बुरी खबर सामने आई है। टीम के अनुभवी तेज गेंदबाज टिम साउदी इंग्लैंड के खिलाफ खेले गए चौथे वनडे मुकाबले में बुरी तरह से चोटिल हो गए हैं। साउदी विश्व कप तक फिट हो पाएंगे या नहीं, यह भी कहना अब मुश्किल नजर आ रहा है। चौथे वनडे में न्यूजीलैंड को इंग्लैंड के हाथों 100 रन से हार का सामना करना पड़ा। दरअसल, टिम साउदी के दाएं हाथ के अंगूठे की हड्डी टूट गई है, जिसके चलते वह मैदान पर ही बेहद दर्द में नजर आए थे। साउदी को यह चोट इंग्लैंड की पारी के 14वें ओवर में जो रूट का कैच पकड़ने के दौरान लगी। न्यूजीलैंड के स्टार बॉलर को मैदान से बाहर जाना पड़ा और वह फिर दोबारा ग्राउंड पर नहीं उतर सके। साउदी बैटिंग करने के लिए नहीं आए। टिम साउदी की इंजरी ने न्यूजीलैंड टीम की टेंशन बढ़ा दी है। साउदी अगर वर्ल्ड कप 2023 से बाहर होते हैं, तो यह कीवी टीम के लिए बहुत बड़ा झटका होगा।

## न्यूज डायरी



### एशिया कप में हार के बाद पाकिस्तान टीम का विवाद नहीं खम रहा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। एशिया कप के सुपर 4 मैच में श्रीलंका से हार का सामना करके पाकिस्तान टूर्नामेंट से बाहर होने का विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। क्रिकेट फैंस ने इस हार के लिए सीधे कप्तान बाबर आजम को जिम्मेदार ठहराया है तो वहीं कुछ लोग बाबर के बचाव में उतरे हैं। अब इस कड़ी में जावेद मियांदाद और मिस्बाह उल हक नए जुड़े हैं। जावेद मियांदाद और मिस्बाह ने बाबर का बचाव किया है। दोनों ने 40 के दशक के ग्लोबल क्रिकेट इवेंट के एक मैच में मीडिया से बात की। मियांदाद ने कहा कि सिर्फ बाबर आजम को दोष क्यों दिया जाए जब बाकी टीम के खिलाड़ियों ने भी भारत और श्रीलंका के खिलाफ एशिया कप मैचों में अच्छा प्रदर्शन नहीं किया। मियांदाद ने कहा कि हमारी टीम उतनी बुरी नहीं है जितना बुरा उसने एशिया कप में खेला है। टीम में विश्व कप में अच्छा प्रदर्शन बहुत क्षमता है। सिर्फ एक चीज है कि हमारे खिलाड़ी इतने ज्यादा लोगों के सामने कितनी जल्दी भारतीय परिस्थितियों का सामना करते हैं। भारतीय पिचों के अनुसार खुद को ढालते हैं और उन्हें वहां कुछ दुश्मनों का सामना भी करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि बाकी टीमें अपने खिलाड़ियों के नाम की घोषणा करके भारतीय पिचों पर ढलने की ओर बढ़ रही है।

### पहले क्लासेन और मिलर का तूफान, फिर तेज गेंदबाजों का कहर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** सेंचुरियन। साउथ अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के बीच 5 मैचों की रोमांचक वनडे सीरीज खेली जा रही है, जिसकी मेजबानी साउथ अफ्रीका ही कर रही है। सीरीज का चौथा मुकाबला सेंचुरियन में खेला गया। इस मुकाबले में मेजबान टीम का प्रदर्शन सातवें आसमान पर रहा। पहले दक्षिण अफ्रीका ने कंगारू टीम को बल्लेबाजी करते हुए धोया। फिर उसके बाद 35 ओवर के अंदर ही ऑल आउट कर दिया। इस तरह अफ्रीका 164 रन के बड़े मार्जिन से मैच जीत गई। अब सीरीज 2–2 से बराबर हो गई है। सीरीज का पांचवां और निर्णायक मुकाबला 17 सितंबर को खेला जाएगा। ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया था, जोकि काफी गलत साबित हुआ। साउथ अफ्रीका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 50 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 416 रन बना दिए।

### भारत समेत इन चार टीमों के सेमीफाइनल में पहुंचना है पक्का

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय टीम ने आखिरी बार 2011 में वर्ल्ड कप का खिताब जीता था। महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में टीम अपने घर में श्रीलंका को हराकर चैंपियन बनी थी। अब एक बार फिर भारत की मेजबानी में वर्ल्ड कप का आयोजन होने जा रहा है। उस वर्ल्ड कप में सुरेश रैना भी टीम का हिस्सा थे। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ क्वार्टर फाइनल और फिर पाकिस्तान के खिलाफ सेमीफाइनल में रैना ने टीम इंडिया के लिए महत्वपूर्ण पारियां खेली थी।

### भारत को तोड़ने वाले खालिस्तानी सिंगर शुभ को विराट कोहली ने दिखाई औकात

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारत के पूर्व कप्तान विराट कोहली ने कनाडा के रहने वाले पंजाबी सिंगर शुभनीत सिंह उर्फ शुभ को सोशल मीडिया पर अनफॉलो कर दिया है। जाहिर तौर पर, विवादास्पद खालिस्तानी आंदोलन के साथ अपने कथित संबंधों को लेकर शुभ को काफी आलोचनाओं का सामना करना पड़ रहा है। खालिस्तानी आंदोलन, पंजाब को भारत से अलग देश बनाने की मांग करता है। इस आंदोलन को हमेशा भारतीयों और भारत सरकार के गुस्से का सामना करना पड़ा है। इस बीच युवाओं के पसंदीदा पंजाबी सिंगर शुभ ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर भारत का ऐसा नक्शा शेयर किया, जिससे पंजाब, कश्मीर और उत्तर–पूर्वी भाग गायब है। साथ में कैप्शन दिया, श्पंजाब के लिए प्रार्थना इसके चलते उन्हें मुंबई में एक शो से भी हाथ धोना पड़ा था। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो वायरल पोस्ट को शुभ ने तब शेयर किया था, जब पंजाब पुलिस खालिस्तान समर्थक अमृतपाल सिंह नाम के भगोड़े की तलाश कर रही थी। शुभ को ओजी, एलिवेटेड और चीक्स जैसे गानों के लिए जाना जाता है। इन्हें न केवल भारत में बल्कि भारत के बाहर भी कई जगहों पर पसंद किया जाता है।

वेटलैण्ड (आर्द्र भूमि) चिन्हिकरण पर बैठक करते हुए जिलाधिकारी सोनिका।



# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### वेटलैण्ड (आर्द्र भूमि) चिन्हिकरण पर डीएम ने की बैठक

**संवाददाता** देहरादून। जनपद वेटलैण्ड (आर्द्र भूमि) चिन्हिकरण के सम्बन्ध जिलाधिकारी सोनिका ने ऋषिपर्णा सभागार में सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी एवं वन विभाग के अधिकारियों को संयुक्त रूप से निरीक्षण करते हुए वेटलैण्ड चिन्हिकरण तकनीकि रूप से सीमांकन करने के निर्देश दिए। वेटलैण्ड का सीमांकन करते हुए भू–अभिलेख गहनता से देखते हुए मौके पर भूमि की स्थिति का पूर्ण जायजा लें ताकि भूमिधरी/आबादी का क्षेत्र वेटलैण्ड का सही सीमांकन किया जा सके।

### सीएम आवास कूच कर रहे हिंदू जागरण मंच के कार्यकर्ताओं को रोका

**संवाददाता** देहरादून। सीएम आवास कूच कर रहे हिंदू जागरण मंच के कार्यकर्ताओं को पुलिस ने हाथीकड़कला में रोका। एमडीडीए सचिव के खिलाफ कार्रवाई समेत विभिन्न मांगों को लेकर आक्रोशित कार्यकर्ताओं की पुलिस से बैरेकेडिंग पर नोंकझोंक और धक्कामुक्की हुई। पुलिस ने आगे नहीं जाने दिया तो सड़क पर ही धरने पर बैठ गए। एक घंटा घरने के बाद घोषणा की यदि एक सप्ताह के भीतर उनकी मांगें नहीं मानी गई तो प्रदेशभर में आंदोलन शुरू किया जाएगा।

### अवैध खनन के खिलाफ पुलिस का अभियान, 16 डंपर सीज किए

**संवाददाता** देहरादून। अवैध तरीके या तय क्षमता से अधिक खनन ढोने वाले वाहनों के खिलाफ मंगलवार रात और बुधवार तड़के पुलिस ने व्यापक अभियान चलाया। इस दौरान 16 डंपर सीज किए गए। वहीं 50 डंपरों का एमवी एक्ट में चालान किया गया। दून में पछुवादून बेल्ट के साथ ही कई स्थानों पर अवैध खनन किया जाता है। वहीं खनन रवन्ने पर चलने वाले काफी खनन वाहन क्षमता से अधिक खनन सामग्री लादकर चलते हैं। एसएसपी अजय सिंह ने ऐसे वाहनों के खिलाफ जिला पुलिस को सख्त कार्रवाई का निर्देश दिया है।

### डीआईटी में होगा चौथा दून साइंस एंड टेक्नोलॉजी फेस्टिवल

**संवाददाता** देहरादून। बुधवार को उत्तराखंड राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद में महानिदेशक प्रो. दुर्गेश पंत एवं डीआईटी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. जी. रघुराम ने संयुक्त रूप से चौथे देहरादून अंतरराष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी महोत्सव–2023 के पोस्टर को लांच किया। इस अवसर पर प्रो. दुर्गेश पंत ने बताया कि 03 दिन तक चलने वाला विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी का यह महोत्सव उत्तर भारत का सबसे बड़ा महोत्सव है।

# राज्य में बगीचों और निजी वन से पेड़ काटे तो होगी जेल

**बदलाव**

■ अब फिर से नियमों में बदलाव कर पुरानी व्यवस्था को बहाल किया जा रहाः वन मंत्री



**संवाददाता**

देहरादून। राज्य में बगीचों और निजी वनों से यदि अवैध रूप से पेड़ों का कटान किया गया तो जेल की सजा होगी। कैबिनेट ने इस अपराध के लिए जेल की सजा के प्रावधान को समाप्त कर दिया था। लेकिन बिल्डरों की ओर से बगीचे खरीदे जाने की शिकायतों के बाद अब फिर से नियमों में बदलाव कर पुरानी व्यवस्था को बहाल किया जा रहा है।

बुधवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में पत्रकार वार्ता के दौरान वन मंत्री सुबोध उनियाल ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गैरसैंण में हुई कैबिनेट की बैठक में निजी वन और बगीचों से पेड़ कटान के मामलों में जेल की सजा को खत्म कर जुर्माना वसूलने का निर्णय हुआ था। लेकिन अब इस नियम में फिर से बदलाव की जरूरत महसूस हो रही है। इस बीच बगीचों की बिक्री में तेजी की शिकायत मिली है। इसे देखते हुए अब फिर से इस मामले को कैबिनेट में रखा जाएगा।

**अपने खेतों से चीड़ के पेड़ काट सकेंगे लोगः** वन मंत्री ने कहा कि सरकार ने ट्री प्रोटेक्शन एक्ट के तहत 21 प्रजातियों को छोड़कर अन्य सभी प्रजाति के पेड़ों को काटने पर जेल की सजा का प्रावधान खत्म कर दिया है। हालांकि जुर्माना पहले की तुलना में बढ़ाया गया है। उन्होंने इस दौरान बताया कि पहाड़ में यदि किसी के नाप खेतों में चीड़ के पेड हैं तो किसान उन्हें काट सकेंगे।

**अवैध पेड़ कटान व भ्रष्टाचार पर सख्त कार्रवाईः** उनियाल ने कहा कि चकराता और पुरोला में पेड़ कटान व भ्रष्टाचार के मामलों में सख्त कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि इन मामलों की जांच चल रही है और दोषियों पर सख्त एक्शन लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि उनके विभाग में भ्रष्टाचार के मामले में दो आईएफएस पर कार्रवाई की जा चुकी है। जो भी दोषी होगा उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी।

**जंगलों में फलदार पेड़ लगाए जाएंगेः** वन मंत्री ने इस दौरान बताया कि राज्य सरकार जल्द ही नर्सरी एक्ट लेकर आ रही है। इसके तहत वनीकरण के नियमों में बदलाव के साथ ही जंगलों में फलदार पौधे लगाने की योजना है। इसके साथ ही लोगों को भी जंगलों में फलदार पौधे लगाने की इजाजत दी जाएगी। उन्होंने कहा कि जंगलों की आग को रोकने के लिए गांवों में वन प्रबंधन समिति बनाई जा रही है। इस समिति को 40 हजार रुपए दिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में हर्बल मिशन भी शुरू किया जा रहा है। जिसके तहत शुरू में चार करोड़ का बजट मंजूर किया गया है। इससे राज्य में कुल दो लाख लोगों को रोजगार देने का लक्ष्य रखा गया है।

### उपनल कर्मचारी करेंगे सैनिक कल्याण मंत्री के आवास का घेराव

**संवाददाता** देहरादून। उपनल कर्मचारी संयुक्त मोर्चा ने शासन पर कर्मचारियों की मांगों की अनदेखी का आरोप लगाते हुए आंदोलन का ऐलान किया। कर्मचारी 21 सितंबर तक मांगे पूरी न होने पर 22 सितंबर को सैनिक कल्याण मंत्री के आवास का घेराव करेंगे।

मोर्चा ने मुख्य सचिव को ज्ञापन भेज आंदोलन की चेतावनी दी। संयोजक विनोद गोदियाल और सह संयोजक नरेश थपलियाल ने कहा कि 20 साल की नौकरी के बाद भी उपनल कर्मचारियों का वेतन रोक दिया जा रहा है। बिना किसी कारण के सेवाएं समाप्त की जा रही हैं। राज्य कर विभाग में 55 कर्मचारी हटाए जा चुके हैं। पद सृजित करते हुए समायोजित किया जाए। कहा कि उपनल कर्मचारियों को नियमित नहीं किया जा रहा है। हाईकोर्ट के कर्मचारियों को नियमित किए जाने को लेकर दिए गए फैसले के विरुद्ध सरकार सुप्रीम कोर्ट में चली गई। अभी तक सुप्रीम कोर्ट से एसएलपी वापस नहीं ली गई। वर्ष 2021 में कैबिनेट की उपसमिति की रिपोर्ट को लागू नहीं किया जा रहा है।

# कर्मचारियों की स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच बढ़ाने में महत्वपूर्ण कदम

**शुभारम्भ**

■एसीएस श्रीमती राधा रतूड़ी ने सचिवालय में पैथोलॉजीकल कलेक्शन सेन्टर का शुभारम्भ किया



**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने सचिवालय कार्मिकों के हित में सचिवालय परिसर में स्थित डिस्पेन्सरी में पैथोलॉजीकल कलेक्शन सेन्टर की स्वीकृति देने के साथ ही इसे जल्द से जल्द शुरू करवाने के निर्देश दिए थे अपर मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने सचिवालय स्थित राजकीय एलोपैथिक चिकित्सालय में निःशुल्क पैथोलॉजीकल परीक्षण हेतु पैथोलॉजीकल कलेक्शन सेन्टर का शुभारम्भ किया। इस पैथोलॉजीकल कलेक्शन सेन्टर में सभी आवश्यक मूलभूत पैथोलॉजीकल जाँचें जिसमें ब्लड, यूरीन, सीबीसी, ब्लड शुगर, किडनी, लीवर, कॉलेस्ट्रोल, थॉयरायड सहित लगभग 270 प्रकार की जाँचें निःशुल्क की जायेगी।

इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सचिवालय कार्मिकों के हित में सचिवालय परिसर में स्थित डिस्पेन्सरी में पैथोलॉजीकल कलेक्शन सेन्टर की स्वीकृति देने के साथ ही निर्देश दिए थे कि इसे जल्द से जल्द शुरू करवाया जाय। एसीएस श्रीमती राधा रतूड़ी ने इसे सरकार द्वारा अपने कर्मचारियों की स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच बढ़ाने में एक अत्यन्त महत्वपूर्ण कदम बताया।

उन्होंने बताया कि सरकार की इस पहल से राज्य सचिवालय में कार्यरत अधिकारियों एवं कार्मिकों को लाभ मिलेगा, उनके समय की बचत होगी तथा कार्यस्थल पर ही आवश्यक चिकित्सा सेवाएं आसानी से उपलब्ध होंगी। सरकार ने अपने कर्मचारियों के कल्याण को प्राथमिकता दी है तथा प्रदेशभर में अपनी स्वास्थ्य सेवाओं के बुनियादी ढांचे और पहुंच को सरल बनाने की अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत किया है।

### प्रदेश को गौसदनों की दृष्टि से सैचुरेट करना हैः सीएस

**संवाददाता** देहरादून। मुख्य सचिव डॉ. एस.एस. संधु ने सचिवालय में निराश्रित गौवंशीय पशुओं के लिए गौसदनों के विस्तार एवं निर्माण के सम्बन्ध में अधिकारियों के साथ बैठक ली। मुख्य सचिव ने अधिकारियों को प्रदेश में गौसदनों के विस्तार एवं निर्माण कार्यों को ससमय पूर्ण करने के लिए समय सीमा निर्धारित किए जाने के निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव ने कहा कि प्रदेश को गौसदनों की दृष्टि से सैचुरेट करना है। उन्होंने प्रदेश के सभी स्थानीय निकायों को शीघ्र से शीघ्र गौसदनों का विस्तारीकरण एवं स्थापना आदि कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने गौसदनों तक पशुओं को ले जाने के लिए हाईड्रॉलिक वाहनों की समुचित व्यवस्था भी सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए। कहा कि जहां नए गौसदनों का निर्माण होना है उसके भूमि चिन्हांकन के कार्य सहित डीपीआर तैयार कर शीघ्र प्रस्तुत की जाए।

In a Digital World Why
To wait for a Howker
Visit Us at https://www.page3news.co.
Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+



Scan This Code
Read News
Watch News Channel

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के. प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ.-राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।